# 127586 - क्या सुहाग रात में संभोग करना अनिवार्य है ?

**प्रश्न**

मैं जानना चाहता हूँ कि क्या शादी की पहली रात में संभोग करना अनिवार्य है ? क्या पहली रात में संभोग करना वाजिब है ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आदमी के ऊपर सुहाग रात में अपनी पत्नी से संभोग करना अनिवार्य नहीं है, और वे दोनों उसे उस समय तक के लिए विलंब कर सकते हैं जिसे वे उचित समझते हैं, लेकिन - आम तौर पर - संभोग करना अनिवार्य है, और वह पति पत्नी का अधिकार (हक़) है, अतः पत्नि के लिए ज़रूरी है कि वह अपने पति को अपने ऊपर सक्षम बनाए जब भी वह इसकी इच्छा करे जब तक कि उसे इससे कोई नुकसान न पहुँचता हो, इसी तरह पति के लिए भी अनिवार्य है कि वह अपनी पत्नी से उसकी पर्याप्त मात्रा में संभोग करे जब तक कि वह उसके शरीर को कमज़ोर न करता या उसे उसकी जीविका कमाने से विचलित न करता हो।